दिन– गुरुवार दिनांक– 10 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बाढ़ प्रभावित तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक परिवारों के बैंक खातों में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का निधन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया गहरा दुख।

03. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनभागीदारी और कचरा इकाइयों की सफाई में बिहार देशभर में पहले स्थान पर।

04. और, आज महाअष्टमी के अवसर पर देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कोसी, गंडक और बागमती नदियों में आई बाढ़ से प्रभावित तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक परिवारों के बैंक खातों में दूसरे चरण के तहत प्रति परिवार सात हजार रूपये की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भेजेंगे। इसके तहत दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये का अंतरण किया जाएगा। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने आनुग्रहिक राहत राशि वितरण के प्रथम चरण में चार अक्टूबर को गंगा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित चार लाख अड़तीस हजार पांच सौ उनतीस परिवारों के बैंक खातों में तीन सौ सात करोड़ रुपये अंतरित किये थे।

———————————————————————

प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का कल रात मुंबई में छियासी वर्ष की आयु में निधन हो गया। रतन टाटा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। महाराष्ट्र सरकार ने घोषणा की है कि उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। रतन टाटा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी रतन टाटा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

भारत के सबसे सम्मानित व्यापारिक दिग्गजों में से एक रतन टाटा ने दो दशकों से अधिक समय तक टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में काम किया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

————————————————————————

प्रदेश में पंद्रह अक्टूर से बालू खनन की शुरुआत होगी। उपमुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये हैं। श्री सिन्हा ने बालू खनन की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि प्रदेश में सभी बालू घाटों की ड्रोन से निगरानी होगी। उन्होंने कहा कि खनन को लेकर सभी घाटों और जिला कार्यालयों में बैनर लगाया जाएगा। साथ ही जिन घाटों की बंदोवस्ती नहीं की गयी है। वहां, भी सूचना चस्पा की जाएगी। अवैध खनन की सूचना देने वाले लोगों की गोपनीयता को बरकरार रखते हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

————————————————————————

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बिहार ने देशभर में जनभागीदारी और कचरा इकाइयों की सफाई में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान के तहत पटना जिले को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पटना में आयोजित एक समारोह में उप विकास आयुक्त समीर सौरभ को जनभागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, कैमूर जिले को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

————————————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद, बीसीईसीईबी ने प्रदेश के अड़तीस इंजीनियरिंग कॉलेजों में रिक्त तीन हजार तीन सौ बारह सीटों पर नामांकन के लिए अभ्यर्थियों को एक बार फिर मौका देने का निर्णय लिया है। साथ ही डेयरी और सीआईपीईटी के एक सौ चार रिक्त सीटों पर भी नामांकन लिए जायेंगे। परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसके लिए आज से सोलह अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। आवेदन पत्र में सुधार सत्रह अक्टूबर को किया जा सकता है, जबकि उन्नीस अक्टूबर को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

————————————————————————

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों के जींस और टीशर्ट पहन कर आने पर रोक लगा दी है। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सह–अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। शिक्षकों को विद्यालयों में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शालीन और मर्यादित व्यवहार करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि प्रारंभिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना की हर सप्ताह जांच की जाएगी। एक नवम्बर से जांच की प्रक्रिया शुरु होगी। जांच के दौरान दोषी पाये गए व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश के बाढग्रस्त क्षेत्रों के प्रारंभिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली से आठवीं तक की विशेष परीक्षा इक्कीस से अट्ठाईस अक्टूबर को आयोजित होगी।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत जुलाई, दो हजार चौबीस से दिसंबर, दो हजार अट्ठाईस तक निःशुल्क फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि इस पहल से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी की समस्या दूर होगी।

———बाईट———

देश में एनीमिया और माइक्रोन्यूट्रिएंट डेफिसियेंसी–ये दोनों बड़ी जो प्रोब्लम्स विशेषकर महिलाओं में और वंचित वर्ग या गरीब वर्ग हैं, उन सब में ये जो प्रोब्लम देखी गई है उसको बड़े पैमाने पर एड्रेस किया जा सके, तो देश में जो 50–60 वर्षों से जो प्रोब्लम चली आ रही थी– एनीमिया की और स्टेंडेटग्रोथ की, वो इससे सिग्नीफकिंटली दूर होगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार के शत प्रतिशत वित्त पोषण के साथ इस योजना पर सत्रह हजार बयासी करोड़ रुपये व्यय होंगे।

———————————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने प्रदेश में पैक्स चुनाव के लिए संभावित तिथि जारी कर दी है। इसके अनुसार चुनाव पांच चरणों में आयोजित होंगे। छब्बीस नवम्बर को पहले चरण का मतदान होगा, जबकि अंतिम मतदान तीन दिसम्बर को होगा। गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को इस बाबत तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। चुनाव तैयारियों के संबंध में सोलह अक्टूबर को बैठक आयोजित होगी।

———————————————————————————

शारदीय नवरात्र के आज आठवें दिन देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा—अर्चना की जा रही है।

————म्यूजिक————

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख—सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा—अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं कल महासप्तमी पूजन के बाद देवी दुर्गा के पट खुलने के साथ ही पूजा पंडालों में देर रात तक देवी दर्शन के लिये श्रद्धालु उमड़ते रहे। राजधानी पटना के बंगाली अखाड़ा, डाकबंगला चौराहा, कदमकुआं, बेली रोड, पटना सिटी और राजा बाजार समेत अन्य जगहों पर बने पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

————म्यूजिक—————

———————————————————————————

दुर्गा पूजा को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे से आने—जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर बढ़ रही भीड़ को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ ने भी चौकसी बढ़ा दी है। इधर, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए फायर बिग्रेड और स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। प्रमुख पूजा पंडालों के आस—पास एम्बुलेंस भी तैयार रखे जायेंगे। वहीं, दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के मद्देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रावण दहन कार्यक्रम को देखते हुए पटना के गांधी मैदान में ग्यारह और बारह अक्टूबर को आम

लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। रावण दहन कार्यक्रम के दिन निर्धारित समय पर गांधी मैदान में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

———————————————————————

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिल जायेगी। मंत्रालय ने कहा है कि उमंग ऐप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। इसकी सेवाओं का लाभ डिजीलॉकर ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है।

———————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून की वापसी के प्रभाव की वजह से आज और कल सुपौल, अररिया और किशनगंज के साथ कटिहार, बांका, भागलपुर समेत कई जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवा के चलते राज्य में ग्यारह अक्टूबर तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

———बाईट———

———————————————————————

रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस–प्रयागराज खंड पर पैच दोहरी करण कार्य के चलते कई रेलगाड़ियों के परिचालन में बदलाव किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज–रामबाग– मुजफ्फपुर एक्सप्रेस चौदह और सोलह अक्टूबर को रद्द रहेंगी। वहीं, दस से सत्रह अक्टूबर तक सीतामढ़ी–आनंद बिहार टर्मिनल्स एक्सप्रेस का प्रयागराज–रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा अलग–अलग तिथियों के लिए छह अन्य ट्रेनों के अस्थाई ठहराव भी समाप्त किये गये हैं। दूसरी तरफ, सोलह अक्टूबर से पाटलिपुत्र–सहरसा के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलायी जाएगी।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन की खबर को अपनी प्रमुख सुर्खी बनायी है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है – दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का निधन। छियासी वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – ईडी ने पूर्व राजद विधायक अरुण यादव की इक्कीस करोड़ अड़तीस लाख रूपये की संपत्ति जब्त की।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – जनगणना अब दो हजार पच्चीस में शुरु होगी। राज्य इकतीस दिसम्बर तक बदल सकते हैं अपनी सीमाएं।

**प्रभात खबर** ने विधायक फंड से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – विधायक या एमएलसी ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं कर सकेंगे सोलर लाईट लगाने की अनुशंसा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बाढ़ प्रभावित तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक परिवारों के बैंक खातों में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का निधन। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया गहरा दुख।

03. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनभागीदारी और कचरा इकाइयों की सफाई में बिहार देशभर में पहले स्थान पर।

04. और, आज महाअष्टमी के अवसर पर देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।